



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

जुलाई–2022

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार की प्रतिभाओं का सम्मान

- दिनांक 28.06.2022: श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा श्री अमित सिंह, प्रधान परिचालक को हिमाचल प्रदेश के मशोबरा में 25 जून 2022 को आयोजित टफमैन अल्ट्रामैराथन दौड़ नियत समय से पूर्व पूर्ण कर अर्जित की गयी अद्वितीय एवं अविस्मरणीय उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई दी गई एवं उनका उत्साहवर्द्धन किया गया।

श्री गुप्ता द्वारा श्री अमित सिंह की उपलब्धि को अन्य के लिये प्रेरणा का स्त्रोत बताया गया। श्री अमित सिंह की इस उपलब्धि ने उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।



# उप्र पुलिस के जवान बने टफमैन




*हिमाचल प्रदेश में आयोजित टफमैन अलट्रामैराथन में सफलता हासिल करने के बाद तिरंगा लहराते यूपी पुलिस के जवान।*

**संदेश वाहक, लखनऊ।** हिमाचल प्रदेश के मशोबरा में आयोजित टफमैन अलट्रामैराथन में दुर्गम पहाड़ों पर 50 किलोमीटर की दूरी दौड़ कर तय समय में पूरी की। उत्तर प्रदेश के अभिसूचना मुख्यालय में नियुक्त मुख्य आरक्षी अजीत कुमार तथा रेडियो मुख्यालय में हेड ऑपरेटर अमित सिंह द्वारा 25 जून को आयोजित इंडिया की सबसे कठिन दौड़ में से एक मशोबरा अल्ट्रा मैराथन को पूरा करके प्रदेश का नाम गर्व से ऊंचा किया। इस दौड़ में देश के विभिन्न प्रांतों से करीब 400 धावकों ने भाग लिया।

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य | |
| 27.06.2022 | मथुरा |
| 06.06.2022 | लखनऊ |
| 05.06.2022 | वाराणसी |
| | संतकबीर नगर |
| | लखनऊ |
| | गोरखपुर |
| 04.06.2022 | गोरखपुर |
| 3.06.2022 | कानपुर नगर |
| | कानपुर देहात |
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 03.06.2022 | कानपुर नगर |
| | कानपुर देहात |
| | लखनऊ |
| मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | |
| 27.06.2022 | आगरा |
| | मथुरा |
| 05.06.2022 | वाराणसी |
| | गोरखपुर |
| 04.06.2022 | गोरखपुर |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 27.06.2022 | मथुरा |
| | आगरा |
| 26.06.2022 | आगरा |
| | वाराणसी |
| 25.06.2022 | वाराणसी |
| 19.06.2022 | आजमगढ़ |
| 06–07.06.2022 | आगरा |
| | मथुरा |
| 05, 04, 03.06.2022 | गोरखपुर |
| 02.06.2022 | कानपुर देहात |

## पुलिस मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0 का पत्र संख्या: डीजी–दस –वि0प्र0– रिट(117)/2022/2132 दिनांक 17.06.2022 द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा–124A (Sedition Law) के सम्बन्ध में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विनोद दुआ बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया, 2021 में पारित आदेश एवं इस सम्बन्ध में अन्य पारित आदेशों के परिप्रेक्ष्य में अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ के पत्र संख्या: टीएस–सीसीटीएनएस–101/2021(CI SO) दिनांक 14.06.2022 द्वारा उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या: 978पी/छ:–पु–6–2022–300(04)/2022 दिनांक 08.06.2022 द्वारा संदर्भित Centre Director GOI, National Technical Research Organisation के गोपनीय पत्र संख्या: 3634/ एमएस/जीआई/2022 दिनांक 03.06.2022 के माध्यम से उल्लेख किया गया है कि राज्य सरकार के कार्यालयों में कम्प्यूटर वायरस अटैक की कोशिश किये जाने के परिपेक्ष्य में जनपदों के समस्त थानों/कार्यालयों को विभागीय कार्य हेतु प्रयोग में लाये जा रहे कम्प्यूटर तथा ई–मेल एवं विभिन्न एप्प के संचालन में सावधानी बरती जाय तथा निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्या: कल्याण–166–2022 दिनांक 13.06.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस बल के कार्मिकों/अधिकारियों, जिनकी कार्यवाही/ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो जाती है अथवा वे घायल होते हैं, के सम्बन्ध में समान मानक प्रचालन प्रक्रिया(एस0ओ0पी0) को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्या: सीए/एडीजी–1/2022 दिनांक 01.07.2022 द्वारा श्री अनिल कुमार, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय की सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ पर नियुक्त उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) को कार्यहित में निम्नानुसार आवंटित कार्यों का दायित्व सौंपा गया है– 1. श्री सत्य प्रकाश सिंह– उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय कहलाये जायेंगे व इनके द्वारा प्रशासनिक एवं प्रशिक्षण के अन्तर्गत आने वाली शाखाओं का पर्यवेक्षण किया जायेगा। 2. श्री सुनील कुमार सिंह, ऑपरेशन के अन्तर्गत शाखाओं का यथावत पर्यवेक्षण करेंगे एवं 3. श्रीमती सुनीता शर्मा द्वारा प्राविधिक के अन्तर्गत शाखाओं का यथावत पर्यवेक्षण किया जायेगा।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्या: सीए/एडीजी–1 /2022 दिनांक 01.07.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय में नियुक्त उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एवं राज्य रेडियो अधिकारी को कार्यहित में निम्नानुसार पुलिस ज़ोन की संचार व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है– 1. श्री सुनील कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)– मेरठ एवं आगरा ज़ोन के स्थान पर मेरठ, आगरा एवं बरेली ज़ोन, 2. श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)–वाराणसी एवं प्रयागराज ज़ोन के स्थान पर वाराणसी, प्रयागराज एवं गोरखपुर ज़ोन, 3. श्रीमती सुनीता शर्मा, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)– लखनऊ एवं गोरखपुर ज़ोन के स्थान पर लखनऊ एवं कानपुर ज़ोन, 4. श्री सुनील कुमार शुक्ला, राज्य रेडियो अधिकारी– कानपुर एवं बरेली ज़ोन के स्थान पर वाराणसी, प्रयागराज एवं गोरखपुर ज़ोन, 5. श्रीमती अंजुल गंगवार, राज्य रेडियो अधिकारी–मेरठ ज़ोन के स्थान पर मेरठ, आगरा एवं बरेली ज़ोन एवं 6. श्री रविन्द्र सिंह सैनी, राज्य रेडियो अधिकारी–वाराणसी एवं प्रयागराज ज़ोन के स्थान पर लखनऊ एवं कानपुर ज़ोन।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्या: सीए/एडीजी–1/2022 दिनांक 01.07.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय में नियुक्त निम्नांकित राज्य रेडियो अधिकारियों को निम्नानुसार पर्यवेक्षण कार्यों का दायित्व सौंपा गया है–1. श्री सुनील कुमार शुक्ला– राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के स्थान पर राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन/प्रशिक्षण एवं 2. श्री रविन्द्र सिंह सैनी– राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण के स्थान पर राज्य रेडियो अधिकारी, प्राविधिक।

- उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पुलिस रेडियो मेल संख्या: एआरओएम –411/2022(डिजीटल) दिनांक 28.06.2022 द्वारा निम्न जनपदों को उनके नाम के सम्मुख अंकित संख्या में वीएचएफ डिजीटल हैण्ड हेल्ड सेट के हेलीकल

एण्टीना उपलब्ध कराये गये हैं– 1. PRJ-284, 2. PBH-50, 3. FHR-60, 4. KSI-30, 5. R/R PRJ-20, 6. GKR-160, 7. MRJ-45, 8. DOA-50, 9. KSN-55, 10. R/R GKR-20, 11. BSI-30. 12. SDR-61, 13. KBN-40, 14. R/R BSI-20, 15. GDA-55, 16. BLR-43, 17. BRH-61, 18. SVI-34, 19. R/R GDA-20, 20. LKW-17, 21. VVIP GRID-150, 22. R/R LKW-20, 23. UAO-50, 24. RBI-38, 25. STP-63, 26. KHI-63, 27. HDI-59, 28. AYA-133, 29. BBK-48, 30. STR-32, 31. AMT-47, 32. ABN-47, 33. R/R AYA-20, 34. VNS-75

- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पुलिस रेडियो मेल संख्याः एआरओएम–12 (स्पेयर)/2020 दिनांक 29.06.2022 द्वारा समसंख्यक पुलिस रेडियो मेल दिनांक 20.08.2020 व 04.01.2021, जो कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत प्रदेश के जनपदों/इकाईयों/वाहिनियों से खराब संचार उपकरणों की मरम्मत हेतु सम्बन्धित प्रभारी द्वारा पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के परिपत्र दिनांक 20.07.2017 द्वारा निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार अपने निर्धारित समय पर रेडियो मुख्यालय, लखनऊ हेतु संचरण न कराये जाने के सम्बन्ध में संदर्भित आदेश दिनांक 20.08.2020 व 04.01.2021 को तात्कालिक प्रभाव से निष्प्रभावी करते हुए पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के परिपत्र आदेश संख्याः डब्लू–122/2017 (वायरलेस) दिनांक 20.07.2017 द्वारा प्रदत्त निर्देशों/निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार ही प्रदेश के जनपदों/इकाईयों/ वाहिनियों में उपलब्ध संचार उपकरणों की मरम्मत केन्द्रीय कर्मशाला लखनऊ से कराये जाने के निर्देशों का तात्कालिक प्रभाव से कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में जून–2022 में 225 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## पदोन्नति

- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–755 /2021 दिनांक 03.06.2022 द्वारा निम्न 06 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक यांत्रिक को रेडियो उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. 477, राजेन्द्र कुमार, फतेहपुर, 2. 1000, भारत भूषण, गौतमबुद्धनगर, 3. 1038, रमेश कुमार सिंह, मथुरा, 4. 1705, अखिलेश कुमार सिंह, 5. 124, विनोद कुमार आर्या एवं 6. 226, प्रेम प्रकाश, आगरा।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से जून–2022 में निम्न 03 राजपत्रित अधिकारी एवं 14 अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी– 1. श्री अनिल कुमार, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय, रेडियो मुख्यालय, 2. श्री सुशील कुमार पाण्डेय, सहायक रेडियो अधिकारी, झाँसी, 3. श्री श्यामा कुमार सिंह, सहायक रेडियो अधिकारी, सुल्तानपुर, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री इन्द्र मणि त्रिपाठी, गोण्डा, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेन्द्र कुमार सक्सेना, बरेली, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रवीन्द्र सिंह चौहान, रेडियो मुख्यालय, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रवि शंकर चटर्जी, रेडियो मुख्यालय, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अब्दुल हमीद, रामपुर, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुरेश कुमार, रेडियो मुख्यालय, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बिन्दु प्रसाद, बहराइच, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेश कुमार मिश्र, कानपुर नगर, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कमलेश चन्द्र गोस्वामी, अलीगढ़, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मो0 फजल उल्लाह, रेडियो मुख्यालय, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रताप भान सिंह, अलीगढ़, 15. प्रधान परिचालक/4700, श्री अवधेश कुमार, रेडियो मुख्यालय, 16. सहायक परिचालक/4702, श्री राज प्रकाश सिन्हा, रेडियो मुख्यालय एवं 17. संदेशवाहक, श्री आशुतोष कुमार मिश्र, गाजियाबाद।



## विविध

- जनपद बागपतः दिनांक 03.06.2022 को श्री नीरज कुमार जादौन, पुलिस अधीक्षक, बागपत द्वारा पुलिस लाइन में क्रिप्टो केन्द्र का उद्घाटन किया गया।



- जनपद सहारनपुरः दिनांक 06.06.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा कम्पोजिट कण्ट्रोलरूम, सहारनपुर के प्रथम तल पर नवनिर्मित वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग रूम का उद्घाटन किया गया।



## श्रद्धान्जलि

- माह जून–2022 में 20वीं वाहिनी पीएसी, आजमगढ़ में नियुक्त प्रधान परिचालक/5995, पूरन चन्द्र का दिनांक 22.01.2022 एवं जनपद गोण्डा में नियुक्त संदेशवाहक, देव प्रसाद सिंह का दिनांक 13.06.2022 को असामयिक निधन हो गया है।



प्रधान परिचालक/5995, पूरन चन्द्र



संदेशवाहक, देव प्रसाद सिंह

उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक उक्त असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए उक्त परिजनों का इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## स्मृति शेष

- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण हेतु दिनांक 20.05.1959 को रु0 89,980.50 के खाता मूल्य पर निर्मित ''मारकोनी बैरक'' अप्रयोज्य हो जाने के कारण शासन द्वारा निष्प्रयोज्य घोषित की गयी जिसे ई–नीलामी प्रक्रिया द्वारा फरवरी 2022 में नीलाम किया गया।




इस बैरक में रहकर हजारों प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण ग्रहण किया गया।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

- स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ के पावन अवसर पर मनाये जा रहे ''आजादी के अमृत महोत्सव–2022'' के आलोक में 21 जून 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ''मानवता के लिये योगा'' थीम के अन्तर्गत उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रुप से योग अभ्यास किया गया। योग कार्यक्रम आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के योग प्रोटोकॉल के अनुरुप सम्पन्न किया गया।











कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। योग अभ्यास के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया गया।

## अपने प्रदेश एवं अधिष्ठान के बारे में जानें (भाग–11)

### स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश में पुलिस संचार का विकास

## स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश में पुलिस संचार का विकास

### सीसीटीवी सर्विलॉन्स

- संवेदनशील स्थलों एवं कानून व्यवस्था पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु इन उपकरणों का उपयोग सन् 1990वें दशक से निरन्तर किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में सन् 2015 में सर्वप्रथम लखनऊ में सिटी सर्विलॉन्स योजना के अन्तर्गत 70 चौराहों पर 280 कैमरों का अधिष्ठापन करते हुए मॉडर्न कन्ट्रोल रुम, लखनऊ में ''दृष्टि'' नाम से सिटी सर्विलॉन्स कन्ट्रोल रुम प्रभावशाली तौर पर स्थापित किया गया। तदोपरान्त उक्त सिटी सर्विलॉन्स व्यवस्था जनपद प्रयागराज में भी स्थापित की गयी।



- उक्त के अतिरिक्त जनपदीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण अवसरों पर सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन एवं संचालन किया जा रहा है जो अपराधों पर रोक एवं अपराधों की जाँच के दौरान सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।